an>

Title: Regarding loss of crops by wild animals in adjoining forest areas.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : अध्यक्ष महोदया, आज देश में जंगलों का काफी एरिया है। बहुत किसानों की जमीन जंगलों के आस-पास है और उसी खेती से किसान अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मेरे रामटेक, लोक सभा मतदान संघ पूरी तरह से किसानों का मतदान संघ है। उन जंगलों से जंगली जानवर खेतों में आकर भ्रमण करते हैं और फसलों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। खासकर, जब उनके खेतों में फसल उगती है, तो जानवर खेतों में घुस कर फसल को खा जाते हैं और पूरे खेत को तबाह कर देते हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदया, मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि ऐसे जंगलों को तार से फेन्सिंग करें तथा किसानों की जितनी भी फसल जंगली जानवरों द्वारा बर्बाद की जाती हैं, उन किसानों को केन्द्र सरकार आर्थिक मदद दे। उन्हें सरकार सब्सिडी के रूप में मदद दे तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से प्रभावित किसानों की आर्थिक भरपाई के लिए आवश्यक नीति तैयार करें, जिससे हमारे किसानों को आर्थिक नुकसान होने से बचाया जा सके।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री रामचरण बोहरा, श्री जितेन्द्र चौधरी और श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।